हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 24 जून 2026

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

4 अविश्वास प्रस्ताव से पंचों ने हटाया सरपंच को 17 में 16 पंचों ने किया विरोध, एक मत निरस्त





## खबर संक्षेप

### मरम्मत के लिए जेठा रेलवे फाटक तीन रात बंद

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत सक्ती-बाराद्वार रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित मानव सहित समपार जेठा फाटक को वार्षिक मरम्मत कार्य के लिए तीन दिनों तक रात्रिकालीन समय में सड़क यातायात हेतु बंद रखा जाएगा। रेलवे प्रशासन ने पूर्व में घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी की हैं। रेलवे के अनुसार, यातायात ब्लॉक नहीं मिलने के कारण 20, 21 एवं 22 जून को प्रस्तावित मरम्मत कार्य नहीं हो सका। अब यह कार्य 22 जून की रात्रि 9 बजे से 23 जून सुबह 6 बजे तक, 23 जून की रात्रि 9 बजे से 24 जून सुबह 6 बजे तक तथा 24 जून की रात्रि 9 बजे से 25 जून सुबह 6 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान जेठा समपार फाटक सड़क यातायात के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों और स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की है। फाटक बंद रहने के दौरान वाहन चालक एवं आमजन निकट स्थित सकरेली रोड ओवरब्रिज का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे।

### बाइक से गिरकर युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है



कि बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे युवक के सिर में गंभीर चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम उर्दना डीपापारा हाल मुकाम कमरगा निवासी भुनेश्वर लकड़ा सोमवार को करीब 11 बजे चिराईपानी-लाखा मार्ग से बाइक पर जा रहा था। इसी दौरान किसी कारणवश उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में भुनेश्वर लकड़ा के सिर में गंभीर चोट आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चोट इतनी गंभीर थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल डायल-112 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और मृतक के शव को जिला अस्पताल रायगढ़ पहुंचाया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

### तलवार लहराकर दहशत फैला रहा युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र में मेन रोड पर तलवार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से एक नुकीला धारदार तलवारनुमा हथियार भी जब्त किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 22 जून की दोपहर थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक इगेश्वर यादव को सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक-3 स्थित अश्वनी किराना दुकान के सामने एक युवक हाथ में धारदार तलवार लेकर मेन रोड पर घूम रहा है और आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी की और आरोपी को मौके से पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान रण विजय सिंह राजपूत 30 वर्ष पिता जगतपाल सिंह निवासी कापू के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक नुकीला धारदार तलवारनुमा हथियार बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी के इस कृत्य से क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बन गया था। कापू पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

## बोनस मिलेगा या नहीं इसकी जानकारी नहीं, केवल समर्थन मूल्य भुगतान के लिए लिखी चिट्ठी

# 6 किसानों का 756 क्विंटल धान बीज फेल समर्थन मूल्य में बिक्री, भुगतान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीज के लिए लगाए गए 6 किसानों का धान बीज करीब 756 क्विंटल फेल हो गई है। इस फेल धान बीज को समर्थन मूल्य में खरीदी के लिए विशेष तौर पर खरीदी का पोर्टल खोला गया था। किसानों की बीज धान तो समर्थन मूल्य में बिक्री हो गई है, लेकिन बोनस मिलेगा या नहीं इसकी कोई जानकारी नहीं है। विपणन अधिकारी ने समर्थन मूल्य में खरीदी गई धान बीज का भुगतान के लिए प्रबंध संचालक को बीते 22 जून को पत्र लिखा है।



जिले के दो बीज प्रक्रिया केंद्र चपले और बोईरदादर में किसानों द्वारा लगाए गए बीज धान की खरीदी की जाती है। धान बीज लेने के बाद उसकी जांच होती है। जांच में मानक स्तर का मिला तो बीज के लिए रखते हैं, लेकिन मानक स्तर का नहीं आया तो उसे किसानों को लौटा देते हैं। इस बार चपले बीज प्रक्रिया केंद्र में लगाए गए 6 किसानों का 756.60 क्विंटल बीज धान फेल हो गया है। प्रभारी ने किसानों को धान बीज लौटा दिया है। इसके बाद किसानों ने उसे समर्थन मूल्य में बिक्री के लिए समितियों में संपर्क किया। वहां से डीएमओ को जानकारी दी गई। इसके बाद रायपुर से खरीदी पोर्टल खोला गया। इन किसानों से 756.60 क्विंटल धान बीज खरीदी की गई है। इसका समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 2369 के हिसाब से खरीदी की गई है। इस आधार पर 6 किसानों को 17 लाख 92 हजार 858.40 का भुगतान किया जाएगा। यह भुगतान अब प्रबंध संचालक छग राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा किया जाएगा। किसानों के खाते में राशि वहीं से जमा की जाएगी।

### बीज के लिए रजिस्टर्ड

बीज के लिए इन किसानों ने बीज प्रक्रिया केंद्र में अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। वहां इसकी कीमत ज्यादा मिलती है। हालांकि फेल होने के बाद समर्थन मूल्य में ही बिक्री करना पड़ता है। ऐसे में अब समर्थन मूल्य के हिसाब से उनको कीमत मिलेगी। यदि फेल नहीं होता तो धान बीज की कीमत उनको ज्यादा मिलती।

### बोनस मिलेगा या नहीं पता नहीं

बीज के लिए रजिस्टर्ड होने की वजह से इन किसानों को बोनस राशि मिलेगी या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। यदि बोनस मिलेगा तो प्रति क्विंटल 731 रुपए के हिसाब से किसानों के खाते में जमा होगा। चूंकि समर्थन मूल्य में धान बिक्री करने वाले सभी किसानों को यह राशि भुगतान हो चुकी है। ऐसे में धान बीज लगाने वाले किसानों को कब मिलेगा यह भी पता नहीं है।

### किसका कितना हुआ धान बीज फेल

| किसान | मात्रा |
|---|---|
| बालक राम पटेल | 125.20 |
| कीर्तन लाल पटेल | 74.00 |
| लोचन प्रसाद | 187.60 |
| राम किशोर पटेल | 89.00 |
| तुलसी दास पटेल | 280.80 |

### 74 लीटर अवैध शराब और 2 दुपहिया वाहन जब्त, 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस ने तमनार और खरसिया क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 74 लीटर अवैध शराब, दो दुपहिया वाहन जब्त किए हैं तथा 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। तमनार पुलिस ने ग्राम मिलूपारा में दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध महुआ शराब बेच रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने संजय भगत के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब और बिक्री की रकम 200 रुपए बरामद की। वहीं दिलीप खलखो के घर से 10 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में शराब बिक्री करना स्वीकार किया। इधरए चौकी खरसिया पुलिस ने निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में बैक.टू.बैक कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई में हमालपारा बस स्टैंड के पास बिना नंबर की होंडा एक्टिवा स्कूटी से बीयर, देशी और अंग्रेजी शराब की तस्करी करते एक व्यक्ति को पकड़ा गया।

## कृषि विभाग के अधिकारियों ने लगाई दो बड़ी कंपनियों के बीज बिक्री पर रोक, नोटिस जारी

**रायगढ़।** रायगढ़। मंगलवार को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं बीज निरीक्षक जन्मेजय पटेल द्वारा खरसिया ब्लॉक के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान दो कंपनियों के बीजों पर बिक्री पर रोक लगा दी गई है। खरसिया स्थित जय बालाजी एजेंसी प्रोपराइटरः संजीव अग्रवाल के बीज भंडार एवं विक्रय स्थल की जांच की गई। भौतिक सत्यापन के दौरान फर्म द्वारा दो प्रमुख कंपनियां अंकुर सीड और मनसा सीड के धान बीजों का भंडारण और विक्रय किया जा रहा था। इन दोनों कंपनियों के वैध स्रोत प्रमाण पत्र ( सोर्स सर्टिफिकेट) विक्रेता के बीज लाइसेंस में जुड़ा नहीं था। ऐसे में अधिकारियों ने इन बीजों की बिक्री पर रोक लगा दिया है। जानकारी के अनुसार बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के खंड 13(1)(a) के तहत इसे नियमों का उल्लंघन मानते हुए बीज निरीक्षक द्वारा दोनों कंपनियों के बीज अंकुर सोनम और मनसा विराट धान के स्टॉक की बिक्री, वितरण और परिवहन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। 400 किलोग्राम संदिग्ध बीज स्टॉक की बिक्री रोकी गई है।जांच के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नीलाम्बर प्रसाद सिदार, बीज निरीक्षक जन्मेजय पटेल एवं पुरुषोत्तम चौधरी द्वारा मौके के साक्ष्य को आधिकारिक फाइलों में दर्ज किया गया है। जिसमें गवाहों की उपस्थिति में पंचनामा विक्रय प्रतिबंध आदेश तैयार किया गया। विभाग ने किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वाले और बिना वैध दस्तावेजों के बीज बेचने वाले व्यवसायियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई करने की बात कही है।



### मासिक प्रतिवेदन भी नहीं किया था जमा

बीज नियमों के उल्लंघन और अनिवार्य मासिक प्रतिवेदन जमा नहीं करने की वजह से संस्था को बीज नियंत्रण आदेश, 1983 के तहत नोटिस जारी किया गया है। 11 जुलाई तक वैधानिक अभिलेखों के साथ स्पष्टीकरण देने के लिए प्रोपराइटर को निर्देशित किया गया है। इस दौरान संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) निलंबन या निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

## गर्भवती महिला की मौत, मौके पर पहुंची कांग्रेस जांच टीम, हत्या का केस दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चिराईपानी स्थित महालक्ष्मी कास्टिंग प्लांट परिसर से लगे श्री रुपेश उद्योग के लेबर क्वार्टर में दीवार गिरने से गर्भवती महिला की मौत और दो मजदूरों के घायल होने के मामले ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित जांच दल ने मंगलवार को घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार और ग्रामीणों से मुलाकात की। जांच दल ने हादसे के लिए प्लांट प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस की ओर से गठित जांच समिति का नेतृत्व चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव कर रहे थे। टीम ने चिराईपानी पहुंचकर हादसे वाली जगह का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से घटना के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के बाद समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया



कि जिस दीवार के गिरने से हादसा हुआ, उसका निर्माण सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं किया गया था। जांच दल के सदस्यों का कहना है कि करीब 20 फीट ऊंची दीवार की नींव कमजोर थी। साथ ही पानी निकासी के लिए दीवार को कई स्थानों पर काटा गया था, जिससे उसकी मजबूती प्रभावित हुई। समिति का दावा है कि निर्माण में लापरवाही के कारण ही दीवार ढही और उसकी चपेट में आने से गर्भवती महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य मजदूर घायल हो गए। कांग्रेस नेताओं ने इस घटना को गंभीर लापरवाही का परिणाम बताते हुए प्लांट प्रबंधन के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। इसके अलावा जांच टीम ने आरोप लगाया कि संयंत्र द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किए जाने तथा आसपास के तालाब को पाटे जाने की शिकायतें भी ग्रामीणों ने की हैं। ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में भी कब्जे के आरोप लगाए गए हैं। इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराने के लिए प्रशासन से मांग की गई है।

### भाजपा नेता की मौजूदगी बनी चर्चा का विषय

समिति ने मृतक महिला के परिजनों को दो करोड़ रुपए तथा घायलों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग भी शासन से की है। इस बीच जांच टीम के साथ भाजपा नेता और जिला पंचायत सदस्य गोपाल अग्रवाल की मौजूदगी भी चर्चा का विषय बनी रही। ग्रामीणों के बीच यह चर्चा रही कि हादसे की जांच के लिए कांग्रेस और भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधि एक साथ मौके पर पहुंचे, जिससे इसे दोनों दलों की संयुक्त पहल के रूप में देखा जा रहा है। फिलहाल हादसे को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर हलचल तेज हो गई है तथा मामले की जांच और जिम्मेदारी तय किए जाने की मांग लगातार उठ रही है।

## शराब पीकर भारी वाहन चलाने वाले 5 चालक पकड़े गए, कोर्ट ने लगाया 10-10 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रायगढ़ यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ओडिशा हाईवे पर शराब पीकर वाहन चला रहे पांच भारी वाहन चालकों को पकड़ा है। सभी आरोपियों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गयाए जहां प्रत्येक चालक पर 10-10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया।

एडिशनल एसपी अनिल सोनी के मार्गदर्शन तथा डीएसपी यातायात उत्तम प्रताप सिंह के नेतृत्व में रविवार को गोगा राइस मिल के पास सारंगढ़ रोड स्थित ओडिशा हाईवे पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने ब्रीथ एनालाइजर मशीन से भारी वाहन चालकों की जांच की।



जांच में पांच चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। पुलिस ने तत्काल उनके खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर सोमवार 22 जून को न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ के न्यायालय में पेश किया।

न्यायालय ने सभी पांच चालकों पर 10.10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत शराब या नशीले पदार्थ के प्रभाव में वाहन चलाना गंभीर अपराध है। पहली बार अपराध सिद्ध होने पर छह माह तक की जेलए 10 हजार रुपये तक जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। वहीं तीन वर्ष के भीतर दोबारा अपराध करने पर दो वर्ष तक की जेल और 15 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित अथवा निरस्त भी किया जा सकता है।

## गांजा सप्लाई करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार, नकदी, बाइक और मोबाइल जब्त

**रायगढ़।** कापू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में एंड-टू-एंड कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गांजा सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को जशपुर जिले के पत्थलगांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 3 जून को कापू थाना क्षेत्र के ग्राम पखनाकोट सुकवासुपारा में अवैध गांजा बिक्री की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चम्पा यादव 58 वर्ष के कब्जे से 0.818 किलोग्राम गांजा और एक मोबाइल फोन जब्त किया था। पूछताछ में महिला ने खुलासा



किया था कि उसे गांजा चिंतामणी उर्फ चेता यादव द्वारा उपलब्ध कराया जाता था। इस मामले में महिला को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने चम्पा यादव और चिंतामणी यादव के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। जांच में दोनों के बीच लगातार संपर्क की पुष्टि होने पर पुलिस ने सप्लायर की तलाश शुरू की। जांच के दौरान कापू पुलिस ने जशपुर जिले के पत्थलगांव क्षेत्र में दबिश देकर चिंतामणी उर्फ चेता यादव 30 वर्ष निवासी ग्राम कोडेकेला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने चम्पा यादव को 6,500 रुपए में गांजा उपलब्ध कराना स्वीकार किया। उसने बताया कि प्राप्त राशि में से 4,500 रुपए खर्च हो चुके हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शेष 2,000 रुपए नकद, एक मोटरसाइकिल, आरसी कार्ड और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## लाभार्थी सूची में बदलाव नहीं, कुल 2.82 लाख रुपये तक मिलेगी सहायता, पीएम आवास योजना-

# शहरी 2.0 में बड़ा बदलाव, अब चार चरणों में मिलेगी अनुदान राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी यानी पीएमएवाई 2.0 के तहत लाभार्थी आधारित निर्माण घटक के क्रियान्वयन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए शासन ने नई व्यवस्था लागू की है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत अब आवास निर्माण के विभिन्न चरणों के आधार पर हितग्राहियों को अनुदान राशि जारी की जाएगी। इसके साथ ही योजना की निगरानी और जवाबदेही को भी मजबूत किया गया है।

इस नई व्यवस्था के अनुसार पात्र हितग्राहियों को केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली 2.50 लाख रुपए की




अनुदान राशि चार अलग-अलग किस्तों में प्रदान की जाएगी। आवास का फाउंडेशन तैयार होने पर पहली किस्त के रूप में एक लाख रुपए दिए जाएंगे। इसके बाद लिंटल स्तर तक निर्माण पूरा होने पर 50 हजार रुपए, छत निर्माण के बाद 50 हजार रुपए तथा मकान पूर्ण होने पर अंतिम 50 हजार रुपए की राशि जारी की जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को 32 हजार 850 रुपए की अतिरिक्त सहायता भी प्रदान की जाएगी।

इस प्रकार एक लाभार्थी को कुल 2 लाख 82 हजार 850 रुपए तक की सहायता मिल सकेगी। सरकार का मानना है कि नई व्यवस्था से आवास निर्माण की प्रगति के अनुरूप भुगतान सुनिश्चित होगा और फर्जीवाड़े या लाभार्थी परिवर्तन जैसी अनियमितताओं पर रोक लगेगी। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता, निगरानी और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सुधार होगा। नई गाइडलाइन के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि सरकारी सहायता सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे और आवास निर्माण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बने।

### निर्माण कार्य की होगी तकनीकी निगरानी

राज्य सरकार ने आवास निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी निगरानी की व्यवस्था को भी अनिवार्य किया है। वहीं भवन अनुज्ञा, नक्शा अनुमोदन, जियो-टैगिंग, निर्माण की चरणबद्ध जांच और कार्य संपादन से संबंधित सेवाओं के लिए प्रति आवास अधिकतम 6 हजार 150 रुपए तक का व्यय स्वीकृत किया गया है। यह राशि राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा नगरीय निकाय को उपलब्ध कराई जाएगी।

### लाभार्थी बदलने पर पूरी तरह रोक

विभाग ने इस संबंध में स्पष्ट कर दिया है कि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत लाभार्थियों की सूची में किसी भी प्रकार का बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिस हितग्राही के नाम पर अनुदान स्वीकृत होगा, राशि केवल उसी के बैंक खाते में जमा की जाएगी। किसी अन्य व्यक्ति के खाते में राशि स्थानांतरित करने या समायोजित करने की अनुमति नहीं होगी।

### सीधे खाते में पहुंचेगी सहायता राशि

सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि एसएनए-एसपीएआरएसएच यानी समयोचित प्रणाली शीघ्र हस्तांतरण प्रणाली के प्रावधानों का पालन करते हुए अनुदान राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाए। निर्माण के जिस चरण के लिए राशि स्वीकृत होगी, उसका उपयोग केवल उसी कार्य के लिए किया जाएगा। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई हितग्राही निर्धारित समय से पहले मकान का निर्माण पूरा कर लेता है, तब भी अगली किस्त तभी जारी होगी जब संबंधित राशि केंद्र सरकार से प्राप्त हो जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## 6वीं में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु आयोजित प्रावचयन परीक्षा 1 मार्च 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। उक्त परीक्षा के आधार पर मेरिट सूची राज्य कार्यालय द्वारा 22 जून 2026 को जारी की गई है। चयनित विद्यार्थियों की मेरिट सूची विभागीय वेबसाइट पर देखी जा सकती है। चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 30 जून से 4 जुलाई तक जिले में संचालित 6 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में निर्धारित तिथियों में प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक की जाएगी।

## बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) तथा योजना से जुड़े वेंडर्स के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनके बिजली बिल में भी उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों तक योजना की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त हो सकें।

## जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर श्री व्यास ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनदर्शन में आमजन ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधी प्रकरण, पेयजल, सड़क, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़ी मांगें एवं समस्याएं शामिल थीं। कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर उनका समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## नशा मुक्ति केंद्र में कबड्डी, खो-खो बैडमिंटन से हो रहा पुनर्वास



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास एवं एसएसपी डॉ लाल उमेंद सिंह के बैठक में दिए निर्देशानुसार नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के हितग्राहियों के लिए आउटडोर गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन सहित अन्य खेल शामिल हैं। केंद्र संचालकों के अनुसार, खेलों के जरिए नशे से पीड़ित व्यक्तियों में मानसिक और शारीरिक सकारात्मक बदलाव देखे जा रहे हैं। इससे हितग्राहियों को पुनर्वास में काफी लाभ मिल रहा है। जिले में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र विगत 2 वर्षों से संचालित है। यह केंद्र भागलपुर रोड, रणजीता स्टेडियम के पीछे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने जशपुर नगर में स्थित है।

### 33 हजार रुपए के सामान की चोरी, जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मामला

# रायगढ़ रेल मार्ग पर बढ़ीं चोरी की वारदातें, आजाद हिंद एक्सप्रेस में महिला यात्री का हैंडबैग पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आजाद हिंद एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला यात्री का हैंडबैग पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरी गए इस बैग में सोने की अंगूठी, मोबाइल फोन, नकदी सहित कुल 33 हजार 200 रुपए का सामान रखा था। घटना की शिकायत पुणे जीआरपी में दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद अपराध डायरी रायगढ़ पहुंचने पर जीआरपी रायगढ़ ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के सतारा जिले के गंगापुरी तालुका निवासी प्रार्थना शंकर माईती 31 वर्ष बीते 11 जून की रात करीब 11 बजे खड़गपुर रेलवे स्टेशन से आजाद हिंद एक्सप्रेस की बी-3 बोगी में सीट नंबर-7 पर सवार हो कर वह पुणे के लिए सफर कर रही थी। यात्रा के दौरान भोजन करने के बाद उन्होंने अपना लेडीज हैंडबैग पैरों के पास रखा और सो गईं। महिला ने बताया कि 12 जून की सुबह करीब 7 बजे उनकी नींद खुली, तब ट्रेन रायगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंच चुकी थी। इस दौरान उन्होंने देखा कि उनका हैंडबैग गायब है। इसके बाद उन्होंने पूरी बोगी में बैग की तलाश की, लेकिन हैंडबैग का कहीं कोई पता नहीं चला। तब उन्हें आशंका हुई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी नींद का फायदा उठाकर बैग चोरी कर लिया। महिला के अनुसार चोरी हुए हैंडबैग के अंदर मोबाइल, जिसकी अनुमानित कीमत 10 हजार रुपए थी, एक सिम कार्ड, करीब दो ग्राम वजन की सोने की अंगूठी जिसकी कीमत 20 हजार रुपए बताई गई है तथा 3 हजार रुपए नकद रखे थे। चोरी गए सामान की कुल कीमत 33 हजार 200 रुपए आंकी गई है।

### पुणे से रायगढ़ पहुंची अपराध डायरी




घटना के बाद महिला ने इसकी शिकायत जीआरपी थाना पुणे में दर्ज कराई थी। मामले की बिना नंबरी अपराध डायरी ई-मेल के माध्यम से रायगढ़ जीआरपी को प्राप्त हुई। इसके बाद रायगढ़ जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### शीघ्र होगी गिरफ्तारी

चोरी के मामलों की जांच करने के लिए टीम बनाई गई। ज्यादातर चोरी के मामलों में मोबाइल की चोरी के प्रकरण हैं। संयुक्त टीम जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में आएंगे।

**-आरके बोर्झा, थाना प्रभारी, जीआरपी रायगढ़**

### केवल 50 फीसदी स्टाफ के भरोसे चल रहा जीआरपी थाना

रायगढ़ रेल मार्ग पर लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बीच यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। सूत्रों के अनुसार जीआरपी रायगढ़ थाना वर्तमान में केवल 50 फीसदी स्टाफ के साथ संचालित हो रहा है, जबकि इसी बल पर रेलवे स्टेशन की सुरक्षा, ट्रेनों में गश्त, अपराधों की जांच और अन्य जिम्मेदारियां निभाई जा रही हैं। स्टाफ की भारी कमी के कारण ट्रेनों में प्रभावी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। हाल के दिनों में बैग, मोबाइल, लैपटॉप और सोने के आभूषण चोरी के कई मामले सामने आने के बाद यात्रियों में भी असुरक्षा की भावना बढ़ी है। ऐसे हालात में कहा जा रहा है कि रेल यात्रियों की सुरक्षा कहीं न कहीं भगवान भरोसे होती जा रही है, जबकि बढ़ते रेल अपराधों को देखते हुए अतिरिक्त बल और सुरक्षा इंतजामों की जरूरत महसूस की जा रही है।

### हाल के दिनों में हुई चोरी की घटनाएं

- **10 मई – गीतांजली एक्सप्रेस में मोबाइल चोरी**
  मुंबई निवासी अलामिन फिरोज शेख का खड़गपुर से यात्रा के दौरान करीब 25 हजार रुपए कीमत का मोबाइल चोरी हो गया था।
- **4 जून – दरभंगा से रायगढ़ आ रहे यात्री का बैग चोरी**
  रायगढ़ निवासी ब्रजेश कुमार झा का यात्रा के दौरान बैग चोरी हो गया था। उन्होंने रेलवे हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज कराई थी।
- **7 जून – बलसाड़-पुरी एक्सप्रेस में लैपटॉप चोरी**
  ओडिशा निवासी शेख इमामुद्दीन का बैग चोरी हो गया था, जिसमें लैपटॉप समेत करीब 45 हजार रुपए का सामान रखा था।
- **7 जून – महिला के गले से मंगलसूत्र चोरी**
  रायगढ़ की बृहस्पति बाई अकलतरा जा रही थीं। यात्रा के दौरान उनके गले से करीब 30 हजार रुपए कीमत का सोने का मंगलसूत्र चोरी हो गया।
- **14 जून – नर्मदा एक्सप्रेस में 90 हजार की चोरी**
  पद्मावती थवाईत का पर्स और बैग चोरी हो गया था। बाद में पर्स मिला, लेकिन मोबाइल और अन्य कीमती सामान गायब था। घटना में करीब 90 हजार रुपए का नुकसान हुआ।
- **20 जून – बलसाड़-पुरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में बैग चोरी**
  शहडोल निवासी बालकृष्ण द्विवेदी का रायगढ़ स्टेशन पार करने के बाद बैग चोरी हो गया था, जिसमें लैपटॉप सहित करीब 65 हजार रुपए का सामान रखा था।



## मौसम ने ली करवट, उमस भरी गर्मी के बाद झमाझम बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर सहित जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को दिनभर उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि शाम होते.होते मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गईए जिससे लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली।

दोपहर तक आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहीए लेकिन उमस लगातार बढ़ती गई। शाम होते.होते काले बादलों ने आसमान को घेर लिया और तेज हवाएं चलने लगीं। इसके बाद शहर के विभिन्न इलाकों समेत ग्रामीण अंचलों में अच्छी बारिश हुई। बारिश के कारण शहर की कुछ सड़कों पर पानी भर गया और वाहन चालकों को आवागमन में कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश शुरू होते ही लोगों ने राहत की सांस ली। कई दिनों से पड़ रही गर्मी और उमस के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा था। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया।

बच्चों और युवाओं ने भी बारिश का आनंद लिया। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने बारिश को खरीफ सीजन के लिए लाभदायक बताया। किसानों का कहना है कि समय पर हो रही बारिश से खेतों की नमी बढ़ेगी और आगामी बुआई कार्य में मदद मिलेगी। वहीं मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी जिले के कुछ क्षेत्रों में बारिश और गरज.चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। बारिश के बाद शहर का मौसम पूरी तरह बदल गया और रात तक ठंडी हवाएं चलती रहींए जिससे लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली।

## शराब के लिए पैसे नहीं मिले तो पत्नी पर बरसाया डंडा, आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर एक पति ने अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। मामले में घरघोड़ा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवगढ़ निवासी सत्यवती राठिया 30 वर्ष आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में कार्यरत है। बीते 21 जून को उनके चचेरे भाई पवन राठिया ने घरघोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सत्यवती का पति इंद्रजीत राठिया अक्सर शराब के नशे में उसके साथ विवाद और मारपीट करता था। परिजनों द्वारा कई बार समझाइश देने के बावजूद उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। घायल महिला ने पुलिस को बताया कि 21 जून की दोपहर करीब 1 बजे उसका पति शराब पीने के लिए पैसे मांगने घर आया था। पैसे देने से इनकार करने पर वह गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए बांस के डंडे से सिर और दोनों हाथों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने ग्राम देवगढ़ पहुंचकर आरोपी इंद्रजीत राठिया 32 वर्ष को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा भी बरामद कर लिया गया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## ग्रामसभा के साथ होगी आवास प्लस 2.0 की शुरुआत

**जशपुरनगर।** ग्रामीण विकास एवं पंचायत स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए 24 जून को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 की सूची ग्राम सभा में प्रस्तुत की जाएगी। जिनमें बगीचा - 18926, दुलदुला -8049, जशपुर - 8432, कांसाबेल -9039, कुनकुरी - 10535, मनोरा -7212, पत्थलगांव - 24529, फरसाबहार -15649 कुल - 102371 का सर्वे किया गया है। ग्राम सभा की मंजूरी के बाद अंतिम सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। इस बार प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए सूची का सार्वजनिक वाचन किया जाएगा, जिससे ग्रामीण अपने दावे और आपत्तियां दर्ज कर सकें। ग्राम सभा में आवास प्लस 2.0 की नई सूची का वाचन, पात्र हितग्राहियों के नामों की जांच, छूटे हुए नामों पर दावा-आपत्ति का अवसर, ग्राम पंचायत स्तर पर अंतिम अनुमोदन के साथ ही ग्राम सभा में रोजगार, पंचायत कार्यों और गांव के विकास से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। शासन की योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी ग्रामीणों के सामने रखी जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे 24 जून को ग्राम सभा में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने अधिकारों का उपयोग करें और गांव के विकास में भागीदारी निभाएं।

# समय-सीमा के प्रकरणों का तत्परतापूर्वक करें निराकरण, आवेदकों को दें जानकारी : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने आज समय.सीमा टाइम लिमिट की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों एवं जनसमस्याओं से संबंधित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, सुशासन तिहार, पीजीएन, कलेक्टर जनदर्शन एवं अन्य समय.सीमा के प्रकरणों का निर्धारित अवधि में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर समय पर समाधान करने के साथ आवेदकों को निराकरण की जानकारी भी उपलब्ध देनी चाहिए। बैठक में आयुक्त श्री क्षत्रिय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है, उनकी अद्यतन जानकारी संबंधित ऑनलाइन पोर्टलों पर तत्काल अपलोड करें, ताकि रिकॉर्ड अद्यतन रहे और आवेदकों को भी अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर जानकारी अद्यतन नहीं होने से अनावश्यक रूप से लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़ती है, इसलिए सभी विभाग इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करेंगे। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कलेक्टर टीएल में प्राप्त 150 से अधिक मांग एवं समस्या संबंधी आवेदनों की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभाग प्रमुखों से एक.एक प्रकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए शीघ्र निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित होना गंभीर बात है। बैठक के अंत में आयुक्त श्री क्षत्रिय ने सभी विभाग प्रमुखों को समय.सीमा के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों एवं निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की संतुष्टि एवं सुशासन की स्थापना के लिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना होगा। बैठक में सभी विभाग प्रमुख अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### मेडिकल कॉलेज उपचार सुविधा पहुंचे आमजन तक

आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध उपचार सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार.प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने राजस्व शाखा को शहर के प्रमुख स्थानों पर फ्लैक्स एवं प्रचार सामग्री लगाने तथा शहर के सभी सिनेमाघरों में मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं से संबंधित वीडियो एवं प्रचार सामग्री प्रदर्शित कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस प्रचार अभियान से गरीब एवं सामान्य वर्ग के नागरिकों को शासकीय स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी मिलेगी तथा वे इसका अधिक से अधिक लाभ उठा सकेंगे।

### एमआरएफ प्लांट के लिए चिन्हांकित करें भूमि

बैठक में शहर में प्रस्तावित एमआरएफ ;मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटीद्ध एवं कंपोस्ट प्लांट की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हांकन एवं निर्धारण के संबंध में भी चर्चा की गई। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द भूमि निर्धारित करने के निर्देश दिएए जिससे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। इसी तरह 10 देवभोग दुग्ध पार्लरों के लिए दुकान एवं 06 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि उपलब्ध कराने के विषय पर भी चर्चा की गई। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने संबंधित विभागों को आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए भूमि चिन्हांकन एवं आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिएए ताकि नागरिक सुविधाओं एवं महिला.बाल विकास से जुड़े इन महत्वपूर्ण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जा सके।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष पद्मिनी भोई साहू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेडक्रॉस सोसाइटी के विभिन्न सेवा एवं विकास कार्यों से जुड़े 8 एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में पूर्व बैठक के प्रस्तावों की समीक्षा, संरक्षक एवं आजीवन सदस्यता अभियान में वृद्धि, रेडक्रॉस की सेवा गतिविधियों एवं दुर्घटना सहायता कार्यों का विस्तार, रक्तदान शिविरों के आयोजन, रेडक्रॉस कार्यालय में डॉर्मेट्री एवं कैंटीन निर्माण, कार्यालय सहायक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती कार्यालय हेतु आवश्यक सामग्री जैसे टेबलए




कुर्सीए कंप्यूटर एवं प्रिंटर क्रय संबंधी प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के लिए पर्ची उपलब्ध कराने, समिति सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान करने, बैज क्रय करने तथा 100 स्वयंसेवकों को विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता के लिए तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि योग्य 100 सदस्य बनाने वाले सदस्य को प्रबंध समिति की बैठक में शामिल होने का अधिकार होगा। 25 हजार रुपये की राशि के साथ संरक्षक सदस्य को भी प्रबंध समिति में सम्मिलित किया जाएगा। सभी विकासखंडों में अनुविभागीय अधिकारी ;राजस्वद्ध की अध्यक्षता में रेडक्रॉस प्रबंधन समिति गठित करने का निर्णय भी लिया गया।

बैठक में रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति एवं उप सभापति सहित जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव, रेडक्रॉस के सदस्य एवं आजीवन सदस्य उपस्थित रहे।

## बालिकाओं का सिकल सेल, हीमोग्लोबिन परीक्षण

**जशपुरनगर।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा 18 जून को संगम चौक स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय सभाकक्ष में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केंद्र मिशन शक्ति हब द्वारा किशोरी बालिकाओं का सिकल सेल एनीमिया एवं हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित करना था। सिकली सेल संगवारी टीम जिला चिकित्सालय ने 60 बालिकाओं की स्क्रीनिंग की, जिसमें 4 पॉजिटिव पाई गईं। इन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगे जांच व उपचार हेतु चिन्हित किया गया। साथ ही इस दौरान स्वास्थ्य व करियर पर मार्गदर्शन दिया। एकीकृत बाल सेवा परियोजना के श्री योगेश भगत ने पोषण, स्वास्थ्य व माहवारी स्वच्छता पर जानकारी दी। संरक्षण अधिकारी शिखा शर्मा ने घरेलू हिंसा, सखी वन स्टॉप सेंटर-181 व महिला हेल्पलाइन पर बताया। मिशन हब समन्वयक नेहा नायक ने मासिक धर्म स्वच्छता समझाई। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल विवाह, बाल श्रम व मोबाइल दुरुपयोग पर अंजना देवी ने जानकारी दी।

## नहीं थम रही कच्ची महुआ शराब की अवैध बिक्री



**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में कच्ची महुआ शराब के अवैध निर्माण और बिक्री का मामला एक बार फिर सामने आया है। मंगलवार को महिला जागृति समिति की महिलाएं जनदर्शन में कलेक्ट्रेट पहुंचीं और अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि आबकारी विभाग की टीम मौके पर भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी महुआ शराब का अवैध निर्माण किया जा रहा है, उसकी जानकारी प्रशासन को दें। अवैध शराब निर्माण और बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान गम्हरिया बीडीसी अमित महतो भी मौजूद रहे। महिलाओं ने आरोप लगाया कि जिले के कई गांवों में कुछ लोगों द्वारा घरों में कच्ची महुआ शराब तैयार कर खुलेआम बिक्री की जा रही है। इससे गांवों का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। महिलाओं का कहना है कि इस संबंध में आबकारी विभाग और सिटी कोतवाली जशपुर को भी सूचना दी गई, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### जिला गति शक्ति समिति की द्वितीय बैठक में अधिकारियों को दिया गया निर्देश

# पीएम गति शक्ति पोर्टल विभिन्न विभागों के बीच करेगा समन्वय का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिला गति शक्ति समिति की द्वितीय बैठक के अंतर्गत कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की उपस्थिति में पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को पीएम गति शक्ति पोर्टल की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं विकास परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में इसकी भूमिका से अवगत कराना था।

बैठक में उद्योग संचालनालय से रायगढ़ पहुंची सहायक संचालक सुश्री कुमुद मिश्रा ने अधिकारियों को पीएम गति शक्ति पहल का विस्तृत परिचय देते हुए इसके उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा शासन की विभिन्न विकास परियोजनाओं में इसकी उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम गति शक्ति पोर्टल विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने, आधारभूत संरचना परियोजनाओं की बेहतर योजना बनाने तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य कर रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जिला गति शक्ति समिति की कंसल्टेंट श्रीमती प्रिया ने पोर्टल का लाइव प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों को इसकी विभिन्न विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पोर्टल पर उपलब्ध भू स्थानिक आंकड़ों, आधारभूत संरचना से संबंधित सूचनाओं तथा विभिन्न विभागों के डाटा का उपयोग कर विकास परियोजनाओं की बेहतर योजना तैयार की जा सकती है।

उन्होंने पोर्टल पर लाइव उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अधिकारियों को परियोजनाओं की मॉनिटरिंग, विश्लेषण एवं निर्णय प्रक्रिया में इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी।कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों से कहा कि पीएम गति शक्ति पोर्टल केंद्र एवं राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को पोर्टल की कार्यप्रणाली का गंभीरता से अध्ययन करने तथा विभागीय योजनाओं एवं परियोजनाओं के नियोजन एवं क्रियान्वयन में इसका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# डू डाई डू का ट्रेलर रिलीज, बिना शोर हुमा ने मचाया कोहराम...

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की आगामी फिल्म 'डू डाई डू' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में उनका खतरनाक अंदाज देखकर फैंस चौंक जाएंगे। इस ट्रेलर में फिल्म की कहानी भी काफी हद तक अंदाजा हो जाता है। यह फिल्म 3 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म 'डू डाई डू' का ट्रेलर में हुमा कुरैशी का लुक और किरदार दर्शकों को हैरान करने वाला है। इस थ्रिलर एक्शन ड्रामा फिल्म का ट्रेलर देखकर फैंस के बीच फैंस के बीच उत्सुकता पैदा हो सकती है। इस ट्रेलर में चंकी पांडे भी कॉमिक रोल से हटकर बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आते हैं। साथ ही हुमा कुरैशी के कथित बॉयफ्रेंड रचित सिंह भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## लाइफ Style

# रश्मिका
## सच्चे प्यार पर करते आए हैं भरोसा

'कॉकटेल 2' में दीया रेड्डी का किरदार निभाने वाली रश्मिका मंदाना ने सोमवार को अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। इसके साथ में रश्मिका ने एक प्यारा संदेश भी लिखा है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'कॉकटेल 2' में रश्मिका, शाहिद कपूर और कृति सेनन की रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिल रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोमवार को रश्मिका ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग के दौरान का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। यह फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इसमें रश्मिका के साथ शाहिद कपूर और कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में हैं। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक खास बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रश्मिका अपने किरदार दीया की तैयारी करती नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने एक बेहद भावुक मैसेज भी लिखा। रश्मिका ने लिखा, 'हम हमेशा से सच्चे प्यार पर भरोसा करते आए हैं और हमने इसे जीकर भी दिखाया है। ढेर सारे प्यार के साथ विदा। आपकी, दीया रेड्डी और रश्मिका। रश्मिका की इस पोस्ट पर फिल्म की स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अडाजानिया ने कमेंट किया, 'दीया रेड्डी का लुक शानदार था और रश्मिका ने मेरा दिल जीत लिया।' वहीं रश्मिका के फैंस भी उनके इस किरदार पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। फिल्म 'कॉकटेल 2' साल 2012 में आई कॉकटेल'का सीक्वल है। 'कॉकटेल' में दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं 'कॉकटेल 2' का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला



# टीवी को दिए 50 से ज्यादा हिट शोज

**नई दिल्ली।** दर्शकों को फ्रेंड्स और विल एंड ग्रेस जैसे तमाम हिट शोज देने वाले दिग्गज टेलीविजन डायरेक्टर जेम्स बरोज अब इस दुनिया में नहीं रहे। 1940 में लॉस एंजेलिस में जन्मे जेम्स ने अपना करियर थिएटर से स्टार्ट किया। और फिर 1967 के नाटक 'हॉली गोलाइटली' में असिस्टेंट स्टेज मैनेजर के तौर पर काम किया। यहीं से उनका करियर शुरू हुआ। उन्होंने 50 से ज्यादा टीवी शोज में 1000 से ज्यादा एपिसोड्स को डायरेक्ट किया है। उन्हें फ्रेंड्स के अलावा द मैरी टायलर मूर शो, टैक्सी, चीयर्स, फ्रेजियर, फ्रेंड्स के लिए जाना जाता है।




# प्रियंका ने निक को कहा बेस्ट डैड, शेयर की तस्वीर

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे पर सोशल मीडिया पर बेटी मालती मैरी के साथ निक जोनस की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसकी के साथ प्रियंका ने निक को 'बेस्ट डैड' का खिताब भी दिया है। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे के मौके पर अपने पति निक जोनस के लिए सोशल मीडिया पर एक बहुत ही प्यारा मैसेज शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने निक और अपनी बेटी की एक खूबसूरत तस्वीर भी पोस्ट की है, जिसे देखकर फैंस बेहद खुश हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जिसमें निक और उनकी बेटी मालती मैरी एक गोल्फ कोर्स में टहलते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर में मालती ने गुलाबी रंग की हुडी और लाल शॉर्ट्स पहने हुए हैं। यह फोटो दिखाती है कि दोनों साथ में कितना अच्छा समय बिता रहे हैं।



# हार्टब्रेक गाने सिर्फ पुरुषों के लिए...

**नई दिल्ली।** सिंगर सोना मोहापात्रा अक्सर इंडस्ट्री से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। चाहे बात सेक्सिज्म की हो या महिलाओं की कम हिस्सेदारी की, सोना हमेशा बेबाक नजर आती हैं। अब उन्होंने बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री को लेकर एक और बड़ा बयान दिया है। अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए सोना ने कहा, 'बॉलीवुड के सारे हार्टब्रेक गाने पुरुषों के लिए रिजर्व हैं। प्यार भी वही महसूस करते हैं, दर्द भी वही दिखाया जाता है। मुझे जब भी किसी डुएट गाने के लिए बुलाया गया, तो अक्सर मुझे सिर्फ आखिर में गाने का मौका मिला।' सोना ने आगे कहा, 'इस गाने में मुखड़ा, अंतरा- सब कुछ पुरुष सिंगर ने गाया। मैं बस आखिर में आती हूं। मैंने म्यूजिक डायरेक्टर से पूछा- क्या आदमी खुद से ही प्यार कर रहा है? ये कैसा डुएट है, जिसमें लड़की आखिर में आती है?'



# या बाबा गाने में नोरा के साथ राकेश...

**नई दिल्ली।** नोरा फतेही और शिल्पा राव 'या बाबा' के लिए साथ आई हैं, जो 'वर्ल्ड म्यूजिक डे' पर रिलीज हुआ एक शानदार नया गाना है। टी-सीरीज और भूषण कुमार द्वारा पेश किया गया यह गाना म्यूजिक, डांस, कल्चर और जश्न का एक बड़ा उत्सव है, जिसमें अनुभवी एक्टर राकेश बेदी ने जान डाल दी है। गाने में अरबी प्रभाव न सिर्फ म्यूज़िक में, बल्कि वीडियो के विज़ुअल मूड में भी साफ झलकता है। नतीजा एक ऐसा क्रॉस-कल्चरल ऑडियो-विज़ुअल पैकेज है जो भारतीय त्योहारों की भव्यता और ग्लोबल म्यूज़िक स्टाइल को एक साथ लाता है। मशहूर एक्टर राकेश भी इस म्यूजिक वीडियो में नजर आ रहे हैं और गाने की खूबसूरती को और बढ़ा रहे हैं। अपनी शानदार स्क्रीन प्रेजेंस और कॉमिक टाइमिंग के लिए पहचाने जाने वाले राकेश, 'या बाबा' के फेस्टिव जोश में रमे हुए दिख रहे हैं।

## टीवी मसाला



# जाकिर के आखिरी शो 'पापा यार' में अब्बा ने बजाया सितार

**नई दिल्ली।** देश के पॉपुलर स्टैंडअप कॉमेडियंस में शुमार जाकिर खान हाल ही मुंबई में अपना आखिरी शो किया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। न सिर्फ जाकिर खान, बल्कि उनके फैंस के लिए भी कॉमेडियन के आखिरी शो की शाम बहुत ही इमोशनल रही। जाकिर खान ने अपने सुपरहिट टूर 'पापा यार' का आखिरी शो मुंबई में किया, पर इस दौरान उन्हें एक ऐसा सरप्राइज मिला, जिसे देख हर किसी की आंखें छलक उठीं। दरअसल, जाकिर के आखिरी शो में पिता ने सरप्राइज एंट्री मारी और बेटे के शो का अंत किया। जाकिर खान का शो एसवीपी डोम स्टेडियम में हुआ था, जिसके वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि शो खत्म होने से कुछ ही पल पहले जाकिर खान के पिता अचानक स्टेज पर आते हैं। पिता को देख जाकिर भावुक हो गए और उन्हें गर्मजोशी से गले लगा लिया। दोनों के इस दिल को छू लेने वाले पल को देख दर्शकों से खचाखच भरा स्टेडियम जोरदार तालियों और चियर्स से गूंज उठा। जाकिर खान के पिता मशहूर सितारवादक उस्ताद इस्माइल खान हैं। उन्होंने बेटे के आखिरी शो को एक शानदार और भावुक अंत दिया, जिसे देख हर किसी का दिल पिघल गया। जाकिर खान के भी आंसू छलक पड़े। यह सरप्राइज और भी खास इसलिए बन गया क्योंकि यह फादर्स डे के मौके पर था। फैंस जाकिर के पिता की परफॉर्मेंस का क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं और उनका कहना है कि फादर्स डे पर जाकिर के पिता का उनके आखिरी शो में सितार बजाने से ज्यादा इमोशनल कुछ था।

## सुनील का समय पर चढ़ा पारा

**नई दिल्ली।** स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना इन दिनों 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' को लेकर चर्चा में हैं। सुनील पाल ने समय रैना के उस भद्दे मजाक का करारा जवाब दिया है, जब उन्होंने कपिल शर्मा के शो पर



सवाल किया था- आप ब्रश क्यों नहीं करते? अब सुनील पाल ने उसी अंदाज में उन्हें तगड़ा जवाब दिया है। दरअसल हाल ही में नेटफ्लिक्स इंडिया पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील और समय का आमना-सामना हुआ था, जब सुनील ने समय की कॉमेडी शैली पर अपनी आपत्ति जताई थी। इसी शो का वो क्लिप दिखाया गया है जिसमें समय सुनील पाल से समय कहते दिख रहे हैं- मुझे आपसे कोई दिक्कत नहीं सर, बस एक ही है, आप ब्रश क्यों नहीं करते हैं?' उन्होंने समय रैना पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अपने पुराने अंदाज में कहा, 'मैं तुम्हें समय रैना सिर्फ इसलिए माफ करता हूं क्योंकि तुम्हारा शो रात में आता है और तुम्हारे नाम का मतलब ही रात है।

# अमिताभ ने रात 2:40 बजे हनुमान सहस्त्र पूजन की दिखाई झलक...



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन 83 वर्ष की उम्र में 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर सबसे अधिक एक्टिव रहने वाले बॉलीवुड सितारे हैं। करीब हर दिन ही बिग बी सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ पोस्ट करते हैं। हालांकि, अधिकतर ऐसा होता है कि उनकी बात लोगों के पल्ले नहीं पड़ती। पहली बार उन्होंने जो पोस्ट किया है, उसे पढ़कर लोगों ने कहा है- पहली बार आपका पोस्ट समझ के लायक मिला है। अमिताभ बच्चन ने आधी रात 2:40 मिनट पर हनुमान सहस्त्र पूजन की झलक दिखाई है। उन्होंने दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें फूलों की ढेर के बीच गणपति बप्पा और हनुमान जी की मूर्ति दिख रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है- टी 5779, हनुमान सहस्त्र पूजन। बता दें कि हनुमान सहस्त्र पूजन (या हनुमान सहस्रनाम) भगवान बजरंगबली के एक हजार पावन नामों का जाप है। कहते हैं कि ये उनकी पूजा करने की एक अत्यंत शक्तिशाली और विस्तृत विधि है। मान्यता यही है कि ये पूजन हनुमान जी की कृपा, साहस, मानसिक शांति और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है। धर्म पर आस्था रखने वालों का कहना है कि इसके पाठ से मानसिक तनाव दूर होता है और साधक को शारीरिक व मानसिक शक्ति प्राप्त होती है। इन सबके अलावा भूत-प्रेत, ऊपरी बाधाओं और नकारात्मक ऊर्जाओं का भी नाश होता है। इतना ही नहीं, ज्योतिषियों के मुताबिक, यह कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या और मंगल दोष के प्रभावों को कम करने में बहुत कारगर माना जाता है। अब आधी रात को किए गए अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट पर लोगों ने भी अपने मन की बात कही है और हाथ जोड़ लिए हैं।

# 27 साल पुराने सॉन्ग को सुन आ जाता है 'प्यार का मौसम' अलका ने मनहार संग मिलकर गाया था कल्ट गाना

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई सितारे ऐसे रहे हैं, जिन्हें नाम और पहचान तो खूब मिली लेकिन वक्त के साथ उन्हें भुला दिया गया। किसी स्टार ने पर्दे पर हीरो बनकर दिल जीता तो किसी ने अपनी गायिकी से लोगों को अपना दीवाना बनाया। एक ऐसे ही सिंगर सिनेमा में आए जिनके भाई की आवाज ने लोगों को खूब इमोशनल किया तो वहीं इनकी आवाज भी दशकों तक सुनी जाती रही और इन्हीं का एक गाना इतना कल्ट हुआ कि जिसे आज भी लोग खूब सुनते हैं।

***कौन सा है वो गाना?*** : अब यूं तो इस दिग्गज सिंगर के कई गाने हिट रहे, लेकिन एक ऐसा गाना भी आया, जिसने आशिकों के दिलों पर खूब राज किया और इस गाने का नाम है मौसम। जी हां, साल 1999 में आई फिल्म 'जानवर' का गाना 'मौसम की तरह तुम भी बदल तो ना जाओगे' वही गाना था, जिसने लोगों के दिलों में प्यार की एक नई बहार पैदा की थी। इस गाने को आज भी सोशल मीडिया पर अक्सर वायरल होते हुए देखा जाता है। गाने में अक्षय कुमार और करिश्मा कपूर नजर आए थे। अक्षय और करिश्मा की केमिस्ट्री इस गाने में काफी पसंद की गई थी और यह गाना उन कल्ट गानों में से है, जो अक्सर ट्रकों में सुनाई दे जाता है।





### पंकज उदास के बड़े भाई ने दी आवाज

इस गाने को अलका याज्ञनिक और मनहार उदास ने साथ में मिलकर गाया था। गाने की शुरुआत अलका की आवाज से होती है। उस दौर में अलका लगभग हर दूसरे गाने की आवाज बना करती थीं। वहीं, अक्सर लोगों को लगता है कि इस गाने को कुमार सानू या उदित नारायण ने आवाज दी थी, लेकिन असल में गाना पंकज उदास के बड़े भाई मनहार उदास ने गाया था।

### आनंद-मिलिंद ने दिया था संगीत

उनकी आवाज में यह गाना खूब पसंद किया गया। हालांकि, उस दौर में मनहार उदास के कई गाने ऐसे थे, जो खूब पसंद किए गए थे और यह गाना उन्हीं में से एक था। इस गाने का संगीत आनंद-मिलिंद ने दिया था तो वहीं इसे समीर ने लिखा था। आपको बता दें कि फिल्म 'जानवर' को सुनील दर्शन ने बनाया था और फिल्म में करिश्मा-अक्षय के साथ कादर खान, शिल्पा शेट्टी और कई सितारे नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी।

## दमदार किरदार से यादगार डॉयलाग्स तक...

# बुलंद आवाज के बल पर अमरीश बने भारतीय सिनेमा के सबसे पॉपुलर विलेन

*नई दिल्ली। अमरीश पुरी ने अपने कॅरियर की शुरुआत थिएटर से की थी। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने कई साल तक नौकरी की। 80 के दशक में फिल्मों में आने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने बेहतरीन अभिनय और बुलंद आवाज से उन्होंने खलनायकों को हिंदी सिनेमा में एक खास पहचान दिलवाई।*

### किरदारों से बनाई अलग पहचान

कभी किसी गुफा जैसे अड्डे में बैठकर दुनिया जीतने का सपना देखने वाला मोगैंबो, कभी रेगिस्तान की हवेली में आतंक का दूसरा नाम बना ठाकुर दुर्जन सिंह, तो कभी 'जा सिमरन जा, जी ले अपनी जिंदगी'कहकर करोड़ों दिलों को भावुक कर देने वाला एक पिता। अमरीश पुरी सिर्फ एक अभिनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय सिनेमा के उन चुनिंदे कलाकारों में से थे, जिन्होंने हर किरदार को अपनी मौजूदगी से यादगार बना दिया। उनकी गूंजती हुई आवाज, आंखों में उतरता खौफ और स्क्रीन पर छा जाने वाला व्यक्तित्व ऐसा था कि कई बार दर्शक फिल्म के हीरो से ज्यादा उनके किरदार को याद रखते थे। आइए उनके जन्मदिन पर नजर डालते हैं अमरीश पुरी के कुछ ऐतिहासिक किरदार और डॉयलाग्स पर।

### मोगैंबो- मिस्टर इंडिया

गोल्डन मिलिटरी यूनिफॉर्म, रहस्यमयी अड्डा और दुनिया पर राज करने का सपना। मोगैंबो भारतीय सिनेमा का शायद सबसे पॉपुलर विलेन है। अमरीश पुरी ने इस किरदार को जिस अंदाज में जिया, उसने उसे फिल्मी इतिहास का हिस्सा बना दिया। आज भी 'मोगैंबो खुश हुआ' सुनते ही सबसे पहले उनका चेहरा सामने आ जाता है।



### बलवंत राय- घायल

पैसे और सत्ता के नशे में चूर बलवंत राय उस दौर के सबसे ताकतवर खलनायकों में से एक था। यह किरदार सिर्फ हिंसक नहीं था, बल्कि व्यवस्था की उस सच्चाई को भी दिखाता था, जहां दौलत और ताकत कानून से ऊपर नजर आते हैं। अमरीश पुरी की दमदार एक्टिंग ने इस किरदार को यादगार बना दिया।

### मोला राम- इंडियाना जोन्स एंड दी टेंपल ऑफ डूम

हॉलीवुड की दुनिया में अमरीश पुरी की पहचान मोला राम से बनी। रहस्यमयी धार्मिक रिवाज, डरावनी पर्सनालिटी और खौफनाक आंखें। यह किरदार आज भी वर्ल्ड सिनेमा के सबसे चर्चित खलनायकों में गिना जाता है। इस भूमिका ने अमरीश पुरी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग पहचान दिलाई।

### अशरफ अली- गदर एक प्रेम कथा

गदर में अमरीश पुरी ने एक ऐसे पिता का किरदार निभाया जो अपनी बेटी और अपने देश के बीच उलझा हुआ था। अशरफ अली पूरी तरह से खलनायक नहीं था, लेकिन कहानी में उसका विरोधी पक्ष इतना मजबूत था कि वह फिल्म के सबसे यादगार पात्रों में शामिल हो गया।

### ठाकुर दुर्जन सिंह- करण अर्जुन

रेगिस्तान की धूल, हवेली की ऊंची दीवारें और बदले की आग। करण अर्जुन का ठाकुर दुर्जन सिंह बेरहमी का दूसरा नाम था। अमरीश पुरी ने इस किरदार में ऐसा आतंक पैदा किया कि दर्शक उसकी मौत का इंतजार करते रहे। फिल्म की पूरी कहानी उसी के अत्याचारों के इर्द-गिर्द घूमती है।

### जनरल डोंग- तहलका

डोंग इज नेवर रॉन्ग कहने वाला जनरल डोंग 90 के दशक के सबसे मनोरंजक और पॉपुलर खलनायकों में से एक था। उसकी अजीबोगरीब हंसी, अतरंगी अंदाज और तानाशाह पर्सनालिटी ने उसे दर्शकों के बीच कल्ट स्टेटस दिलाया।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया तहसील का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने तहसील कार्यालय बरमकेला का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेख संधारण एवं नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिकॉर्ड रूम का अवलोकन कर अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख रखाव तथा आवश्यक दस्तावेजों के संधारण संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने तहसीलदार पुष्पेंद्र कुमार राज के कक्ष सहित तहसील कार्यालय के विभिन्न शाखाओं एवं कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में साफ सफाई, अभिलेखों के संधारण, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा आम नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा. निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की योजनाओं एवं राजस्व संबंधी कार्यों का समय. सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय परिसर के पीछे स्थित बंजर भूमि में आयोजित बीज उत्सव कार्यक्रम में भी कलेक्टर शामिल हुईं। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से पौधों के बीज रोपण किया गया। कलेक्टर पदमिनी भोई साहू ने सीड बॉल बीज गेंद को भी बंजर भूमि में रोपित कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे नवाचार पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ भविष्य में हरित आवरण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### 35 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 35.600 लीटर महुआ शराब जब्त की है। विशेष अभियान के तहत घरघोड़ा और खरसिया क्षेत्र में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि आबकारी वृत्त घरघोड़ा की टीम ने महलोई गांव में दबिश देकर तुलसा अगरिया के कब्जे से 16.400 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की। वहीं दूसरी कार्रवाई में नवापारा वार्ड क्रमांक 08 निवासी राखी बाई पैकरा के घर से 9 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब बरामद की गई। इसी तरह आबकारी वृत्त खरसिया की टीम ने बरगढ़ गांव में कार्रवाई करते हुए प्रताप कुमार उरांव के कब्जे से 10.200 लीटर महुआ शराब जब्त की।

### पीएम 15 सूत्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा

**रायगढ़।** अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति एवं प्रधानमंत्री नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने की। बैठक में अल्प संख्यक समुदाय के लिए विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन, शत प्रतिशत लाभ वितरण तथा व्यापक जन जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार घरघोड़ा**
**जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202511041000079/36/
अ-21/2025-26
ग्राम-भेण्डरा प.ह.नं.-17

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र सिंह चौधरी पिता गोदू सिंह जाति जाट निवासी ग्राम घरघोड़ा व तहसील द्वारा कलेक्टर महोदय रायगढ़ को आवेदन पेश किया गया कि ग्राम भेण्डरा प.ह.नं. 17 तहसील घरघोड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 9/23 रकबा 0.455 हे. भूमि को अपनी पुत्री के ईलाज एवं पुत्र के शिक्षा के लिए लिये गये ऋण को चुकाने हेतु विक्रय किये जाने हेतु अनुमति प्रदाय किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) घरघोड़ा के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई दिनांक 08/07/2026 को नियत किया गया है।

उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी हितबद्ध पक्षकार को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08/07/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार, घरघोड़ा**

## मनमानी और भेदभाव का आरोप, पुसौर जपं का पहला मामला

# अविश्वास प्रस्ताव से पंचों ने हटाया सरपंच को 17 में 16 पंचों ने किया विरोध, एक मत निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

ग्राम पंचायत टपरदा में सोमवार को राजनीतिक भूचाल आ गया। सरपंच दिनेश जांगड़े के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव भारी बहुमत से पारित हो गया। पंचायत भवन में संपन्न हुई गुप्त मतदान प्रक्रिया में कुल 17 पंचों में से 16 ने सरपंच को हटाने के पक्ष में मतदान किया, जबकि एक मत तकनीकी खामी के चलते निरस्त हो गया। सरपंच के पक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा। इसके साथ ही दिनेश जांगड़े को पद से पृथक कर दिया गया। यह पुसौर जनपद पंचायत के इतिहास में पहला मामला है जब अविश्वास प्रस्ताव के जरिए किसी सरपंच की कुर्सी गई है। लगभग पखवाड़े भर पहले ग्राम पंचायत टपरदा के सभी 17 निर्वाचित पंच एकजुट हुए और सरपंच दिनेश जांगड़े की कार्यप्रणाली से नाराज होकर एसडीएम रायगढ़ के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन प्रस्तुत किया था।

पंचों का आरोप था कि सरपंच द्वारा विकास कार्यों में भेदभाव किया जा रहा है, पंचायत की बैठकों में पंचों की राय को महत्व नहीं दिया जाता और मनमाने तरीके से निर्णय लिए जा रहे हैं। एसडीएम के आदेश के परिपालन में सोमवार 22 जून को निर्धारित समय सुबह 11 बजे तहसीलदार अनुराधा पटेल, जनपद पंचायत एसईओ कुलमित्र, पंचायत निरीक्षक भुवनेश्वर सिदार सहित राजस्व और पंचायत विभाग का अमला टपरदा पंचायत भवन पहुंचा। निर्धारित प्रक्रिया के तहत पीठासीन अधिकारी तहसीलदार अनुराधा पटेल ने सभी 17 पंचों को मतदान की प्रक्रिया समझाई। इसके बाद एक एक कर सभी पंचों ने गुप्त मतदान किया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। मतदान के दौरान सरपंच दिनेश जांगड़े नहीं थे जो पंचायत भवन में पहुंचे और अविश्वास की कार्रवाई को रोकने का निवेदन किया। मतगणना के बाद पीठासीन अधिकारी ने परिणाम घोषित किया।



अविश्वास प्रस्ताव के लिए मतदान कराते पुसौर तहसीलदार।

### 16.0 के अंतर से पारित प्रस्ताव

कुल 17 मतों में से 16 मत अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पाए गए। एक मत पर अस्पष्ट निशान होने के कारण उसे निरस्त कर दिया गया। इस तरह 16.0 के अंतर से प्रस्ताव पारित हो गया। ग्राम पंचायत टपरदा में पिछला पंचायत आम चुनाव फरवरी 2025 में हुआ था। इस हिसाब से दिनेश जांगड़े का कार्यकाल अभी मात्र डेढ़ साल ही हुआ था। इतने कम समय में ही पंचों का विश्वास खो देना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। नाम न छापने की शर्त पर एक पंच ने बताया कि सरपंच द्वारा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही थी। निर्माण कार्यों की जानकारी पंचों को नहीं दी जाती थी। कई बार कहने के बावजूद मनमानी जारी रही। अंततः सभी पंचों ने एकमत होकर अविश्वास का रास्ता चुना। पंचायत राज अधिनियम के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद संबंधित सरपंच तत्काल प्रभाव से पदमुक्त हो जाता है। अब 6 माह के भीतर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा यहां उपचुनाव कराया जाएगा।

### किसी पंच को दिया जाएगा प्रभार

तहसीलदार अनुराधा पटेल ने बताया कि नियमानुसार जिला पंचायत सीईओ द्वारा जल्द ही ग्राम पंचायत के किसी एक पंच को 6 माह के लिए स्थानापन्न सरपंच नियुक्त किया जाएगा। वही कार्यकारी सरपंच के रूप में पंचायत के दैनिक कार्य और विकास कार्यों का संचालन करेगा। दूसरी ओर पुसौर जनपद के राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जनपद गठन के बाद से अब तक अविश्वास प्रस्ताव से सरपंच को हटाने की यह पहली घटना है। इससे पहले अविश्वास के आवेदन तो लगे, लेकिन मतदान की नौबत नहीं आई। टपरदा की घटना के बाद अन्य पंचायतों में भी हलचल तेज हो गई है। फिलहाल टपरदा पंचायत में सरपंच का पद रिक्त हो गया है और प्रशासन अगली कार्रवाई में जुट गया है।



# टीआरएन एनर्जी के अधिकारियों ने बच्चों को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी में 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए टीआरएन एनर्जी के वायुनंदन पांडेय के द्वारा की गई घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए टीआरएन एनर्जी के सौजन्य से भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक एवं टीआरएन एनर्जी के सुरक्षा एवं प्रशासन के विभागाध्यक्ष वायुनंदन पांडेय ने विद्यालय के हायर सेकेंडरी परीक्षा के शत प्रतिशत परिणाम पर विद्यार्थियों और शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए कहा की यह भी समारोह अंतिम नहीं है। आप सफलता के शिखर पर चलते रहेंगे ऐसे आयोजन आपके लिए आयोजित होते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में आप जितनी भी ऊंचाई पर पहुंच जाएं किन्तु अपने गुरूजनों को हमेशा याद रखें उन्होंने आपको गढ़ने में अपना योगदान अपना समय अपनी उर्जा सब कुछ लगाया है। टी आर एन एनर्जी के कंट्रोल एंड टूल्स विभाग के उप महाप्रबंधक नीलेश मोंगा ने विद्यालय के रमणीय वातावरण की सराहना करते हुए कहा की आप सभी के लिए इतना सुंदर वातावरण निर्मित किया गया है आप सभी कक्षा के विद्यार्थि बहुत सुंदर पढ़ाई करते हुए संस्कार को भी न भूले अपने माता पिता गुरुजनों घर के बुजुर्गों का सम्मान अवश्य करें उनका आशीर्वाद उनका मार्गदर्शन आपके लिए अनमोल है। ढोल नारायण पटेल उप महाप्रबंधक संचालन विभाग ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आप का मन जिस क्षेत्र में लगता है उसी क्षेत्र में पढ़ाई करें और अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करें क्योंकि किसी चीज को थोपा जाए तो वह सही नहीं है। यह उद्योग आपके गुणवत्ता में सुधार के लिए सहयोग करता रहेगा आप हमारे उद्योग में भ्रमण करने भी आयें हम आपको प्रायोगिक ज्ञान भी उपलब्ध कराएंगे। टीआरएन एनर्जी के अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष काजी इकबाल ने बच्चों को उनकी सफलता पर मुबारकबाद देते हुए कहा कि जहां पर आप आज है वहां से आपको बहुत आगे जाना है। आप अपनी अंतरात्मा की आवाज को दबने मत देना वंहा से हमें बहुत ताकत मिलती है। काबिलियत आ जाने पर अवसर बहुत मिलेंगे। आप अपना रास्ता चुन कर सिद्दत से लगे रहें। अभिनन्दन समारोह को जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती कांति राठिया, सरपंच ग्राम पंचायत कटाईपाली सी भोलेश्वर राठिया लक्ष्मण प्रसाद टांडेय प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल बोजिया ने भी संबोधित किया। समारोह टीआरएन एनर्जी के द्वारा 12 वी कक्षा के समस्त विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। इस समारोह के संयोजक वायुनंदन पांडेय ने समारोह को भव्यता प्रदान करते हुए अभिनन्दन के साथ साथ मोटिवेशन का महाकुंभ बना दिया। यह समारोह विद्यार्थी को अपना मार्ग चुनने के लिए रोड मैप का कार्य करेगा। सभी विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान थी जो समारोह की सफलता को बयां कर रही थी। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती नीलिमा तम्बोली और विद्यालय के सभी स्टॉफ कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह किया। सभी बच्चों अपनी मेहनत और अनुशासन से सभी अतिथियों का दिल जीता। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला चिंतापली के प्रधान पाठक अच्युतानंद भोय के सेवानिवृत्त होने पर विशेष रूप से सम्मान किया गया। शिक्षा जगत में उनके योगदान को रेखांकित किया गया। इस अवसार पर संकुल केंद्र के सी एस सी नीलाम्बर वैष्णव, व्याख्याता गिरधारी पटेल, राधेश्याम गुप्ता, विजय कुमार चौधरी, पीटीआई गीता ठाकुर, सहायक शिक्षक शीतेष शुक्ला, श्रीमती इंदिरा राठिया, शिव प्रसाद सारथी, सुरेश कुमार लहरें हेमन कुमारी राठिया, रेवा लाल कमलवंशी, व्याख्याता श्रीमती पूजा सिंह, श्रीमती रुक्मणी पटेल, नीलकंठ गुप्ता, वेद राम गुप्ता सहित क्षेत्रीय गणमान्य जन एवं पालक गण उपस्थित थे।

- भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया

# किसी ने शौचालय तो किसी ने मांगा उज्जवला, पीएम आवास का आवेदन भी

**रायगढ़।** जनदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें रखी। जनदर्शन के दौरान ग्राम लोधिया की श्रीमती सीता जायसवाल ने पात्रतानुसार शौचालय निर्माण एवं उज्ज्वला गैस कनेक्शन का लाभ दिलाने की मांग की। ग्राम रेगड़ी के बहादुल ने वन अधिकार अधिनियम के तहत अपने पूर्वजों द्वारा उपयोग की जा रही वन भूमि का अधिकार पत्र प्रदान करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

ग्राम सकरलिया के शनि राम बिरहोर ने भूमि के नक्शा दुरुस्तीकरण, ग्राम करौवाडीह के ग्रामीणों ने गांव में संचालित नल जल योजना का कार्य अधूरा होने से उत्पन्न पेयजल समस्याओं से अवगत कराते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण कराने, मिट्ठुमुड़ा की श्रीमती गीता बाई ने मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत पात्रतानुसार लाभ दिलाने की मांग की। इसी क्रम में कठानी की श्रीमती लता चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने राजस्वए सामाजिक सुरक्षा, आवास, पेयजल, विद्युत, वनाधिकार तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों के आवेदन प्रस्तुत किए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा सभी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम है और शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए।

**सरकार की तीर्थ दर्शन पहल से श्रद्धालुओं का सपना हो रहा साकार**

# सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में जिले के 17 श्रद्धालु हुए शामिल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के उद्देश्य से संचालित तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत आज रायगढ़ जिले के 17 यात्रियों को सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के लिए रवाना किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सभी यात्रियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकोंए विशेषकर वरिष्ठजनों की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन का अवसर उपलब्ध करा रही है। यह योजना केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि लोगों की वर्षों पुरानी धार्मिक आकांक्षाओं को पूरा करने का माध्यम बन रही है। यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आर्थिक और अन्य कारणों से कई लोगों के लिए देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों तक पहुंचना संभव नहीं हो पाता, लेकिन इस योजना के माध्यम से उन्हें सोमनाथ जैसे ऐतिहासिक और पवित्र ज्योतिर्लिंग के दर्शन का अवसर मिल रहा है। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह यात्रा उनके जीवन के सबसे यादगार अनुभवों में से एक होगी। यात्रा के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।



# सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान से शासन की योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में विशेष फोकस करें : कलेक्टर

**31 हितग्राहीमूलक योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्तिकरण पर जोर**

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी देते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समन्वित रूप से कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

कलेक्टर ने कहा कि सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित 31 व्यक्तिगत हितग्राहीमूलक योजनाओं का शत प्रतिशत संतृप्तिकरण किया जाना है। अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाने के साथ-साथ नागरिकों का शासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान संबंधी दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर विभागवार कार्य योजना तैयार करने तथा मैदानी स्तर पर सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अभियान के प्रथम चरण में ग्रामवार आधारभूत आंकड़ों का संकलन एवं सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद डाटा विश्लेषण के आधार पर चिन्हित पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए ग्राम, क्लस्टर एवं विकासखंड स्तर पर विशेष संतृप्तिकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे।



### लंबित प्रकरणों को समय पर निराकरण का निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश देते हुए विशेष रूप से भू.अर्जन से संबंधित प्रकरणों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे प्रकरणों का अधिक से अधिक निराकरण पंचायत स्तर पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में अपेक्षित गति लाने के निर्देश दिए।

# निगम आयुक्त ने ली राजस्व विभाग की बैठक, कहा वसूली निगम की जीवनरेखा

**रायगढ़।** प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को यह समझना होगा कि राजस्व संग्रहण केवल विभागीय कार्य नहीं, बल्कि शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार का आधार है। यदि राजस्व संग्रहण बेहतर होगा तो नगर निगम अधिक प्रभावी ढंग से विकास कार्यों का संचालन कर सकेगा। राजस्व वसूली नगर निगम की जीवनरेखा है। इसलिए राजस्व शाखा के सभी अधिकारी और कर्मचारी को तय लक्ष्य प्राप्ति के लिए अभी से करें सुनियोजित कार्य करना होगा।

उक्त बातें आज नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कही। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्व वसूली की प्रगति का आकलन किया। बैठक में सहायक राजस्व निरीक्षकों, कर संग्रहकों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों से वार्डवार संपत्तिकर, समेकित करए जलकर एवं यूजर चार्ज की वसूली की स्थिति की जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान आयुक्त क्षत्रिय ने कहा कि गत वित्तीय वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों को आधार बनाते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी शत-प्रतिशत राजस्व लक्ष्य प्राप्ति के लिए अभी से सुनियोजित एवं व्यवस्थित रूप से कार्य प्रारंभ करना होगा। उन्होंने सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को प्रतिदिन, साप्ताहिक, मासिक एवं त्रैमासिक प्रगति का प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



### बड़े बकायादारों को करें टारगेट

आयुक्त श्री क्षत्रिय ने सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को अपने अपने प्रभार क्षेत्र के बड़े बकायादारों की पृथक सूची तैयार करने तथा उनसे सतत संपर्क स्थापित कर लंबित कर राशि जमा कराने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने करदाताओं को कर भुगतान के लिए प्रेरित करने के साथ साथ बड़े बकायादारों के विरुद्ध नियमानुसार नोटिस जारी करने, कुर्की वारंट की कार्रवाई करने तथा आवश्यकतानुसार सीलिंग की कार्रवई में तेजी लाने की बात कही।

# 51 वीं मासिक निशान यात्रा व श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ कल

**खरसिया।** नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ 25 जून को आयोजित हैं। 26 जून को अखण्ड ज्योत जलाई जाएगी एवं खीरएचूरमाए चांवल सब्जीए खिचड़ी का प्रसाद श्याम बिहारी मंदिर में भोग के रूप में लगाया जाएगा।

नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा शुक्ल एकादशी 25 जून को प्रातः 06 बजे श्रीमति सीमा मनोज कबुलपुरीया जी पीण्सीण ज्वेलर्स के निवास स्थान स्टेशन रोड़, खरसिया से निशान यात्रा प्रारंभ होकर 7.30 बजे मंदिर पहुचने के पश्चात आरती की जाएगी । श्री श्याम कुटुंब के संस्थापक मुकेश मित्तल ने जानकारी देते बताया कि संस्था द्वारा नगर के श्याम प्रेमियों के घर घर से बाबा श्याम के पूजन करने के पश्चात शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निशान यात्रा प्रारंभ की जावेगी बाबा श्याम को निशान अर्पण करने का एक विशेष महत्व है एवं बाबा श्याम के प्रेमियों के लिए शुक्ल पक्ष की ग्यारस के पावन दिन के अवसर पर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस को घर घर से निशान यात्रा प्रारंभ करने का बीड़ा उठाया है मासिक निशान यात्रा नगर के श्याम प्रेमियों के निवास स्थान से प्रारंभ कर श्री श्याम बिहारी मंदिर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निकाली जावेगी नगर के जो भी भक्त अपने निवास से निशान यात्रा के लिए नाम आरक्षित करा सकते हैं। दोपहर 1 बजे से श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ एवं दुसरे दिन प्रातः 7.30 बजे बाबा की ज्योत एवं उसके पश्चात दोपहर 12.30 बजे चांवल सब्जी एवं रात्रि 7.30 बजे बाबा के आरती के पश्चात खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा। श्याम कुटुम्ब के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि श्याम कुटुम्ब द्वारा विगत 15 वर्षो से प्रत्येक शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा किया जाता रहा हैं।



# जनगणना से जुड़े अधिकारी- कर्मचारियों का किया गया सम्मान

**बरमकेला।** भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना 2026 के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनगणना नायकों फील्ड ट्रेनरों, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के सम्मान में नगर पंचायत बरमकेला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं प्रशिक्षकों की भूमिका सबसे अहम होती है। इन्हीं कर्मियों के अथक परिश्रम और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यों को सम्मानित करने के उद्देश्य से इस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने जनगणना कार्य की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रहण नहीं बल्कि देश के भविष्य की विकास यात्रा का आधार है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी घर-घर पहुंचकर जानकारी संकलित करने वाले जनगणना कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारियों का उत्कृष्ट निर्वहन किया है, जिसके कारण यह कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सका। समारोह में जनगणना कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जनगणना नायकों, फील्ड ट्रेनरों, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि किसी भी बड़े राष्ट्रीय अभियान की सफलता उसके जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मियों की मेहनत और समर्पण पर निर्भर करती है।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त